<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–18.10.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- जीएसटी बचत उत्सव से बाजारों में रौनक, खरीदारी और बचत दोनों बढ़ी, पिछले त्यौहारों के मुकाबले 25 फीसदी अधिक बिक्री की उम्मीद।
- बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन से अलग हुआ झामुमो, छह सीटों पर उतारेगा उम्मीदवार, घाटशिला उपचुनाव में अब तक सात उम्मीदवारों ने भरा पर्चा।
- नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, साहिबगंज में अवैध खनन मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग, राजस्व नुकसान का भी आरोप।
- पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा में दो नक्सली गिरफ्तार, हथियार और गोली समेत अन्य सामान बरामद, पूर्वी सिंहभूम में पांच अपराधी हथियार और लूट के सामान के साथ पकड़ाये।
- रणजी ट्रॉफी एलिट ग्रुप के मुकाबले में झारखंड ने तमिलनाडु को पारी और एक सौ चौदह रन से किया पराजित।

****

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने नई दिल्ली में प्रेसवार्ता में कहा कि जीएसटी 2.0 सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा दिया है। इसी कारण त्योहार के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री हुई है। इस संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस वर्ष त्यौहारी उत्सव में इलेक्ट्रॉनिक्स की बिक्री में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में धनतेरस उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी रांची के धनतेरस बाजार में वोकल फॉर लोकल और डिजिटल इंडिया का समागम दिख रहा है। जीएसटी दरों में कटौती के बाद हजारीबाग में करीब चार सौ पचास छोटे–बड़े वाहनों की बिक्री हुई। खूंटी में जीएसटी दरों में कटौती के कारण धनतेरस बाजार में जमकर खरीदारी हुई। बोकारो और जामताड़ा में वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान का असर देखने को मिला।

****

बिहार विधानसभा चुनाव में झामुमो महागठबंधन से अलग हो गया है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या ने आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि बिहार की छह सीटों चकाई, धमदाहा, कटोरिया, मनीहारी, जमुई और पिरपैंती पर पार्टी अपना उम्मीदवार उतारेगा।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर आज तीन उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के० रवि कुमार ने बताया कि इस उपचुनाव के लिए अब तक सात उम्मीदवारों ने नामजदगी का पर्चा दाखिल किया है। इस विधानसभा उपचुनाव के लिए इक्कीस अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जायेंगे, जबकि नामांकन पत्रों की जांच बाइस अक्टूबर को होगी और उम्मीदवार चौबीस अक्टूबर तक अपने नाम वापस ले सकते हैं।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर साहिबगंज में अवैध पत्थर खनन की गतिविधियों से अवगत कराया है। श्री मरांडी ने बताया कि नियमों को ताक पर रखकर क्षेत्र में अवैध खनन हो रहा है, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है। उन्होंने एक मामले की चर्चा करते हुए बताया कि एक लीजधारक को 4 एकड़ में खनन पट्टे का लाइसेंस मिला था, लेकिन उसने 20 एकड़

जमीन पर पत्थरों का अवैध उत्खनन किया। प्रशासन की जांच में भी अवैध उत्खनन का यह मामला साबित हुआ। बावजूद इसके भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले को प्रताड़ित किया गया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू किया गया जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों के लोगों को लाभान्वित कर रहा है। आज, हमारे संवाददाता जीएसटी सुधारों पर एक रिपोर्ट लेकर आए हैं जो आंध्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगे। एक रिपोर्ट ....

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा क्षेत्र से नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के दो सदस्यों को सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने बताया कि छोटानागरा थाना क्षेत्र में रातामाटी के पास एक पुलिया को उड़ाए जाने के मामले में अनुसंधान के दौरान दोनों नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि सर्च अभियान के दौरान एक इन्सास राइफल, 459 गोलियां और आठ मैगजीन समेत अन्य चीजें बरामद की गयी है। उन्होंने नक्सलियों से मुख्य धारा में लौटने की अपील की है।

****

पूर्वी सिंहभूम जिले के कदमा थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुई बीस लाख रूपये की डकैती मामले में पुलिस ने पांच अपराधियों को हथियार और लूट के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। नगर पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देसी पिस्तौल, दो कारतूस, सोने का ब्रासलेट, एक घड़ी, एक दोपहिया वाहन और एक ऑटो बरामद किया गया है।

****

लातेहार जिले में स्थित नेतरहाट को राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसे लेकर पर्यटन सचिव ने आवश्यक निर्देश दिये है।

****

रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में झारखंड ने तमिलनाडु को पारी और एक सौ चौदह रन से पराजित कर दिया। कोयम्बटूर में खेली गयी एलिट ग्रुप ए के मुकाबले में झारखंड की टीम ने पहली पारी में चार सौ उन्नीस बनाकर पारी घोषित कर दी थी। इसके जवाब में तमिलनाडु की टीम पहली पारी में तिरानबे रन, जबकि दूसरी पारी में दो सौ बारह रन ही बना सकी।

*******समाप्त********